दिन– बुधवार दिनांक– 07/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर ही होंगे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा– केवल आरक्षण रोस्टर में होगा बदलाव।

02 एनडीए के घटक दलों ने विकसित भारत जी राम जी योजना को विकसित भारत की आधारशिला बताया।

03. न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में। चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर ही होंगे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया कि वार्ड, पंचायत या अन्य चुनाव क्षेत्रों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रकाश ने बताया कि केवल उन्हीं क्षेत्रों में आंशिक बदलाव हो सकता है, जो पंचायत से नगर निकायों में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ आरक्षण का रोस्टर बदलेगा।

———बाईट———

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सात निश्चय–तीन के तहत सबका सम्मान जीवन आसान के अन्तर्गत अब सरकारी कार्यालयों में अधिकारी आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को संबंधित पदाधिकारी अपने–अपने कार्यालय कक्ष में आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उसका निष्पादन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगंतुकों से प्राप्त शिकायत दर्ज की जायेगी और इसके निवारण के लिए किये गये प्रयासों की लगातार निगरानी की व्यवस्था भी होगी। श्री कुमार ने कहा कि यह व्यवस्था उन्नीस जनवरी से प्रभावी हो जायेगी। उन्होंने इस संबंध में आम लोगों से दस जनवरी तक सुझाव भी मांगे हैं।

————————————————————

एनडीए के घटक दलों ने विकसित भारत जी राम जी योजना को विकसित भारत की आधारशिला बताया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री सरावगी आज पटना में एनडीए के घटक दलों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना से मनरेगा की कमियां दूर होंगी और विकसित बिहार का संकल्प भी पूरा होगा।

———बाइट——

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीणों को एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार मिलेगा और उन्हें साप्ताहिक रूप से पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा।

———बाईट———

संवाददाता सम्मेलन में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रधान महासचिव राजेश पांडेय, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुभाष चंद्रवंशी उपस्थित थे।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर पूरे राज्य की यात्रा पर निकलेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि ठंड में कमी आने के बाद मुख्यमंत्री यात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

———बाईट———

————————————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। आज आरा में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि सभी जिलों में यूरिया और डीएपी समेत सभी उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और इसकी आपूर्ति में अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जााएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

———बाइट———

————————————————————————————

योजना और विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में लोक वित्त समिति के समक्ष पांच सौ छियासी योजनाओं की अनुशंसा की। इसकी कुल लागत एक लाख अड़तीस हजार आठ सौ ग्यारह करोड़ रूपये हैं। आज पटना में आयोजित

संवाददाता सम्मेलन में विभागीय मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर महीने तक तीन सौ सत्तावन योजनाओं की अनुशंसा की गयी, जिसकी लागत एक लाख अड़सठ हजार आठ सौ सत्तर करोड़ रूपये है।

———————————————————————

न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने आज पटना उच्च न्यायालय के सैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना स्थित लोक भवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मौजूद थे। इधर, अधिवक्ता कोटे से पटना उच्च न्यायालय में नवनियुक्त दो न्यायाधीश रितेश कुमार और प्रवीण कुमार कल शपथ लेंगे। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी भवन में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू दोनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

———————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस से दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। आज लगातार दूसरे दिन भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आने वाले दिनों में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। साथ ही कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिमी भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है।

———बाईट———

———————————————————————

कड़ाके की ठंड को देखते हुये कटिहार जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाओं के संचालन पर दस जनवरी तक रोक लगा दी है। इधर, सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने बारहवीं तक की कक्षाओं में पठन–पाठन कल तक स्थगित रखने का आदेश दिया है।

———————————————————————

प्रदेश की सभी आभूषण दुकानों में हिजाब, नकाब, घूंघट या हेलमेट पहनकर प्रवेश करने पर रोक लगा दी गयी है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड फेडरेशन ने

सुरक्षा की दृष्टि से यह फैसला किया है। फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यह कदम किसी भी धर्म, परम्परा या व्यक्तिगत आस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि यह फैसला सिर्फ सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार रेलमंडल के ओल्ड मालदा से न्यूजलपाईगुड़ी तक दो सौ सत्तर किलोमीटर रेलखंड पर दुर्घटना से बचाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स सिग्नल और ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच लगाया जायेगा। कटिहार रेल मंडल के प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुप कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

———बाईट———

————————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उत्तर कोयल नहर परियोजना को शीघ्र पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। श्री अमृत ने आज आमस प्रखंड में परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए भू–अर्जन की समस्या नहीं आने दी जायेगी और इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा।

————————————————————————

बिहार के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। वैभव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे अंडर–नाईनटीन वनडे मुकाबले में एक सौ सत्ताईस रनों की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने मात्र तिरेसठ गेंदों में अपना शतक पूरा किया। अपनी पारी के दौरान वैभव ने दस छक्के और नौ चौके लगाये।

————————————————————————

मैथिली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने के उपलक्ष्य में आज मैथिली दिवस का आयोजन किया गया। मैथिली साहित्य संस्थान द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम में मैथिली भाषा के संवर्धन पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के कुसुंभा थाना क्षेत्र के बगैया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक समारोह के दौरान पिस्तौल लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और बारह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के हथुआ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मठिया गांव से बेरोजगार युवकों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से तीन सौ उनचास पासपोर्ट, दो लैपटॉप और एक मोबाइल बरामद किया गया।

——————————————————————

मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र के मरूवाहा स्थित हनुमान मंदिर से पिछले दिनों चोरी गयी अष्टधातु की मूर्ति को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।

——————————————————————

भुवनेश्वर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर–विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट ज़ोन में पहली बार चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

——————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर ही होंगे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा– केवल आरक्षण रोस्टर में होगा बदलाव।

02 एनडीए के घटक दलों ने विकसित भारत जी राम जी योजना को विकसित भारत की आधारशिला बताया।

03. न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में। चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।